# मैहर में दूसरे दिन शाम तक 90 हजार श्रद्धालुओं ने किए मां शारदा के दर्शन



**सतना।** चैत्र नवरात्रि के दूसरे दिन मैहर में देर शाम तक 90 हजार श्रद्धालुओं ने मां शारदा के दर्शन किए और पूजा अर्चना की। यहां पर सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। मैहर के एसडीएम विकास सिंह ने हरिभूमि को बताया कि शाम लगभग 7:30 बजे तक 90 हजार श्रद्धालु माता के दर्शन कर चुके हैं उन्होंने बताया कि रात 9:00 बजे तक यह संख्या 1 लाख तक पहुंचाने की संभावना है। एसडीएम विकास सिंह के अनुसार अपरान्ह 2 बजे तक करीबन 62 हजार श्रद्धालुओं ने मां शारदा के मंदिर पहुंच कर पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। एसडीएम के अनुसार श्रद्धालुओं का आने का सिलसिला लगातार जारी है। चैत्र नवरात्रि मेला में मैहर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा चाकचौबंद व्यवस्थायें की गयी हैं।



### जगह-जगह बोये गये जवारे

दण्डवत करते जा रहे मैहर भक्तों द्वारा जहां अपने घरों के पूजा स्थल में जवारे बोये गये हैं, वहीं मंदिर में भी जवारे बोये गये हैं। देवी की पूजा के साथ जवारों की भी पूजा साधकों द्वारा की जा रही है। सुबह-शाम मां की आरती के साथ देवी पाठ,दुर्गा सप्तशती पाठ,मंत्र जाप,दुर्गा चालीसा आदि का वाचन साधक कर रहे हैं। शक्ति की साधना के इस पर्व में महिलाओं के साथ युवा-युवती,पुरुष,बच्चे सभी शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### गणगौर महोत्सव का आयोजन आज

**सतना।** श्री मारवाड़ी सेवा संघ के तत्वावधान में मारवाड़ी महिला मंडल के संयोजन एवं मारवाड़ी युवा संघ के सहयोग से 1अप्रेल को मारवाड़ी सेवा सदन में दोपहर 3.00बजे से गणगौर महोत्सव का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर गणगौर की पूजा सहित,मारवाड़ी गीतों पर नृत्य का कार्यक्रम रखा गया है। श्री मारवाड़ी महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती ज्योति चमड़िया एवं सेवा संघ की उत्सव आयोजन समिति के संयोजक संदीप अग्रवाल ने समाज की सभी महिलाओं बहनों बेटियां एवं सेवा संघ के सदस्यों से आने का अनुरोध किया है।

### ईद पर पार्षद असरफ अली के घर पहुंचे सांसद, दी मुबारबाद पिता के निधन पर जताई सवेदना



**सतना।** सोमवार को ईद के त्यौहार पर सतना सांसद गणेश सिंह वरिष्ठ कांग्रेस पार्षद व शहर के वरिष्ठ फोटो पत्रकार अशरफ अली बाबा के निवास बसीरन मोहल्ला भैसा खाना पहुंचे और गले लगाकर उनको ईद की मुबारकबाद दी। सांसद श्री सिंह ने पार्षद बाबा के परिवार जनों के साथ बैठ कर ईद की सिवाइंया भी खाई।काफी देर तक दोनों वरिष्ठ नेताओं के बीच चर्चा होती रहीं। सांसद ने अशरफ अली को उनके पिता के इंतकाल पर दुःख जताते हुए अपनी संवेदना भी व्यक्त की हैं। सांसद ने अशरफ अली बाबा के परिवार के साथ अनुज फोटो पत्रकार असलम खान,अकरम खान,शालू खान,शादाब खान व शैफ खान को भी मुबारक बाद दी हैं। इस दौरान बीजेपी नेता मनीष तिवारी,रवींद्र सेठी,जिया बेग,कुदरत उल्ला बेग,राजेश दुबे,रवि जायसवाल अन्ना आदि लोग मौजूद रहे।

# रेल अधिकारी की पत्नी और बेटा बनकर सराफा कारोबारियों से ठगी

### मंगलवार को पुलिस जबलपुर कोर्ट में कर सकती है पेश,इसके बाद सतना पुलिस करेगी कार्रवाई



**सतना।** सतना में सोना चांदी के व्यापारियों को चूना लगाने के बाद जबलपुर में पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ का दौर जारी है। जबलपुर पुलिस ने आरोपियों को अभी तक न्यायालय में पेश नहीं किया है। सिटी कोतवाली टीआई रावेंद्र द्विवेदी ने बताया कि जबलपुर पुलिस जब आरोपियों को कोर्ट में पेश कर देगी तब कोर्ट में एप्लीकेशन लगाकर आरोपियों से पूछताछ की अनुमति ली जाएगी। उल्लेखनीय की सतना में आरोपियों ने सराफा कारोबारी से 7.5 लाख की ठगी की है। आरोपी नकली गहनों के बदले असली सोना ले गए हैं। जबलपुर क्राइम ब्रांच ने रांझी इलाके से एक महिला 55 वर्ष और युवक 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। दोनों ने सतना के पांच सराफा व्यापारियों को साढ़े सात लाख रुपए की चपत लगाई थी। आरोपी खुद को रेल अधिकारी की पत्नी और बेटा बताते थे। आरोपियों ने 27 मार्च को एक काली स्कॉर्पियो यूपी 13 बीएच 0002 से सतना के व्यापारियों के पास पहुंचकर ठगी की थी। संस्कार आर्नामेंट के मालिक जनार्दन सोनी से 18 ग्राम की दो चूड़ियों के बदले 12.650 ग्राम की सोने की चेन ली। जब चूड़ियों की जांच कराई तो उनमें सिर्फ 25 प्रतिशत सोना निकला। इसी तरह आरती ज्वेलर्स के मालिक अंकित सोनी को भी एक तोले की चूड़ियों के बदले इतने ही वजन के गहने देकर ठगा। इनमें भी मात्र 35 प्रतिशत सोना पाया गया। आरोपियों ने तीन अन्य व्यापारियों को भी इसी तरह ठगा। कोतवाली पुलिस तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही थी। पुलिस को जबलपुर की तरफ भागने की आशंका थी, इसलिए कटनी और जबलपुर पुलिस से संपर्क किया गया था। जबलपुर में भी इन आरोपियों ने कुछ व्यापारियों को ठगा था।

# मझगवां, धारकुंडी और चित्रकूट के जंगल में चीतों की चहल-पहल



**सतना।** मझगवां,धारकुंडी और चित्रकूट के जंगल में चीतों की चहल पहल बढ़ती जा रही है। यूपी से लगे चित्रकूट के मझगवां में लगातार तेंदुओं की चहलकदमी करते हुए देखा जा रहा है। वन विभाग की टीम ने इलाके में सतर्क रहने और रात में बाहर नहीं निकलने का अलर्ट जारी किया। हाल ही में धारकुंडी के जंगलों में लगातार तेंदुए का मूवमेंट देखने को मिल रहा है। एमपी-यूपी से लगे शबरी जल प्रपात का एक वीडियो सामने आया है,जहां नर और मादा तेंदुए की चहलकदमी देखने को मिली। लोगों ने इसका वीडियो बना लिया। वन विभाग की टीम ने इलाके के लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। इसकी जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची,तब तक तेंदुए घने जंगल की ओर जा चुके थे। वन विभाग की टीम ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए लोगों से जंगल की ओर न जाने को कहा है।

# हवाई अड्डा को छोटा करने की साजिशः कांग्रेस ने जिम्मेदार लोगों पर की कार्रवाई की मांग



**सतना।** जिला कांग्रेस कमेटी ने केन्द्र सरकार से सतना हवाई अड्डे के अस्तित्व को खत्म करने वाले राजस्व अमले एवं एयरपोर्ट अथारिटी के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्यवाहीं किये जाने तथा एयरपोर्ट की जमीन को खाली कराकर सारी बाधाओं को दूर करते हुए रनवे को बढ़ाकर सतना हवाई पट्टी को व्यवस्थिति हवाईअड्डे का आकार दिये जाने की मांग की है। सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता में कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष दिलीप मिश्रा ने उक्त आशय की मांग उठाई है। पत्रकार वार्ता के दौरान श्री मिश्रा ने बताया कि वर्ष 1939 में सतना हवाई अड्डे के लिये 1100 एकड़ भूमि अर्जन की कार्यवाही की गयी थी। आज उस हवाईअड्डे की मात्र 451 एकड़ जमीन ही बची है। एयरपोर्ट अथारिटी की निष्क्रियता और राजस्व अमले की मिलीभगत से 60 प्रतिशत भाग पर अतिक्रमण कारियों ने कब्जा कर रखा है। सतना एयरोड्रम के लिये एयरपोर्ट अथारिटी द्वारा करीबन 981.29 एकड़ जमीन अधिग्रहित की गयी थी।यह भूमि रघुराजनगर तहसील के सोनौरा,उतैली,डिलौरा,इटौरा,बहन गवां ,बरदाडीह,धवारी,कृपालपुर और कोलगवां क्षेत्र में आती है। चूंकि हवाईअड्डे के लिये 981.29 एकड़ जमीन की आवश्यकता नहीं थी। इसलिये नागरिक उड्डयन विभाग द्वारा 529.36 एकड़ जमीन नभ विभाग से वापस ले ली गयी। शेष 451.93 एकड़ जमीन एयरपोर्ट अथारिटी के अधीन हो गयी। जिस पर हवाईअड्डे के निर्माण किया गया। जिस जमीन को हवाईपट्टी के लिये रिजर्व किया गया वह जमीन कोलगवां,सोनौरा,चेक उतैली एवं डिलौरा में स्थित है।एयरपोर्ट अथारिटी की कई एकड़ जमीन अथारिटी की निष्क्रियता लोक निर्माण विभाग व राजस्व अमले की मिलीभगत के चलते अतिक्रमण कारियों द्वारा हड़प ली गयी। तहसीलदार के प्रतिवेदन से यह बात सामने आई है। सतना कलेटर द्वारा 6 मार्च 2013 को दिये गये प्रतिवेदन में 74.30 एकड़ जमीन पर अतिक्रमण स्वीकार किया गया।प्रतिवेदन में बताया गया है कि 49.30 एकड़ जमीन पर झुग्गीझोपड़ी व मकान बना लिये गये। करीबन 8 एकड़ जमीन पर किसान खेती कर रहे हैं। 17 एकड़ जमीन पर मैहर बाईपास रोड का निर्माण कर लिया गया। श्री मिश्रा ने कहा कि हवाईअड्डे की बेशकीमती जमीन पर लोक निर्माण विभाग ने भी कब्जा कर बाईपास का निर्माण करवा लिया है। उसी जमीन के और अधिक भाग पर कब्जा करके फोरलेन बाईपास निर्माण की तैयारी की जा रही है,जिसका शिलान्यास लोक निर्माण मंत्री द्वारा पिछले दिनों किया गया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि विमान उतारने के लिये 1800 मीटर रनवे की आवश्यकता है। जबकि हवाई अड्डे पर 1828.60 मीटर एवं चौड़ा 4500 मीटर अभी भी मौजूद है। सवाल यह उठता है कि जमीन होते हुये रनवे की लबाई 1200 मीटर क्यों कर दी गयी। लंबाई कम करने वाले गुनाहगारों के खिलाफ कार्यवाही किया जाना चाहिये।

## ग्रामोदय विश्वविद्यालय के छात्रावासों में नव वर्ष मनाया गया



**सतना।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के सभी छात्रावासों (अनुसूया छात्रावास (महिला),श्रीराम छात्रवास,विवेकानंद छात्रवास में नववर्ष पर्व हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने अपने मार्गदर्शक उद्बोधन के माध्यम भारतीय ज्ञान परंपरा पर प्रकाश डाला। कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा के नेतृत्व में तीनों छात्रावासों में रहने वाले छात्र छात्राओं ने अपने अपने छात्रावास अधीक्षकों,शिक्षकों के साथ मिलकर नव वर्ष प्रतिपदा एवं नवरात्रि पर्व पर पूजा,अर्चना कर आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त की। प्रातः काल स्नान के पश्चात छात्राओं ने अनुसूया महिला छात्रावास में विभिन्न रंगों से रंगोली सजाकर नव वर्ष का स्वागत किया। श्री राम छात्रावास और विवेकानंद छात्रावास के छात्रों ने पुष्पों की मालाएं और पत्तियों की लड़ियों के माध्यम से नव वर्ष का अभिनन्दन किया। कार्यक्रम के अंत में लोगो ने प्रसाद और फलाहार प्राप्त किया।

# अमन- चैन की दुआ मांगकर धूमधाम के साथ मनाई गई ईद

## मस्जिदों में पढ़ी गई नमाज, विधायक-पूर्व मंत्री ने दी मुबारकबाद



**सतना।** ईद-उल-फितर का त्योहार परंपरागत तरीके से हर्षोल्लास और सौहार्द के साथ मनाया गया। नजीराबाद स्थित मस्जिद में 2 हजार से अधिक लोगों ने नमाज अता की।इसके अलावा शहर की अन्य मस्जिदों में भी नमाज अता की गई। नमाजियों ने देश में शांति और भाईचारे साथ अमन-चैन की दुआ मांगी। नमाज के बाद विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा और पूर्व मंत्री सईद अहमद ने मुस्लिम धर्मावलंबियों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। सुबह 9 बजे नजीराबाद मस्जिद में बड़ी संख्या में नमाजी एकत्र हुए। सभी बच्चे,युवा और बुजुर्ग नए कपड़े पहनकर मस्जिद पहुंचे।

### कलेक्टर-एसपी ने किया निरीक्षण

कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस और एसपी आशुतोष गुप्ता ने ईदगाह चौक और शहर की अन्य मस्जिदों का निरीक्षण किया। इस दौरान एडिशनल एसपी शिवेश सिंह बघेल,एसडीएम राहुल सिलाड़िया और सीएसपी महेंद्र सिंह मौजूद रहे। शहर की विभिन्न मस्जिदों में अलग-अलग समय पर नमाज पढ़ी गई। सुन्नी नूरीजामा मस्जिद कम्पनी बाग में 9:45 बजे,रजा मस्जिद नजीराबाद में 9:15 बजे,मरकजी मस्जिद और रिसाला मस्जिद धवारी में 9 बजे तथा नूरानी मस्जिद मैहर रोड में 9:30 बजे नमाज अदा की गई।



### चारों तरफ ईद की खुशी

ईद का पर्व मुस्लिम समुदाय के लोगों के लिए काफी बड़ा त्योहार होता है। रमज़ान के पाक महीने में रोज़ा रखने के बाद ईद-उल-फितर भाईचारे और अमन का पैगाम लेकर आती है। सऊदी अरब में शनिवार को चांद दिखने के कारण 30 मार्च को ईद मनाई गई थी। वहीं,सोमवार को भारत में भी ईद पूरे हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाई गई। मुस्लिम समाज का यह प्रमुख त्योहार ईद-उल-फितर देशभर की ईदगाहों और मस्जिदों में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। मुस्लिम समाज के लोगों ने ईदगाह में पहुंचकर अमन,चैन और भाईचारे की दुआ मांगी और विशेष नमाज अदा की। नमाज के बाद लोग एक - दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई देते हुए नजर आए। मैत्री उन्नति जवाहर नगर के समाजसेवी शेरू खान ने बताया कि ईद-उल-फितर को 'मीठी ईद' भी कहा जाता है। इस दिन विशेष रूप से घरों में सेवईं,खीर और अन्य पारंपरिक पकवान बनाए जाते हैं। लोग अपने सगे-संबंधियों और मित्रों को घर बुलाकर प्रेमपूर्वक उन्हें भोजन कराते हैं। इसके अलावा,ईद के मौके पर बच्चों को ईदी देने की परंपरा भी निभाई जाती है। बड़ों द्वारा अपने छोटे परिजनों को उपहारस्वरूप पैसे या गिफ्ट दिए जाते हैं,जिससे बच्चों में विशेष उत्साह देखा जाता है। ईद का यह पर्व न केवल मुस्लिम समुदाय के लिए,बल्कि पूरे देश के लिए प्रेम,सौहार्द और भाईचारे का संदेश लेकर आता है। यह दिन सभी को एकता और समानता का पाठ पढ़ाता है और आपसी मेल-जोल को बढ़ावा देता है।



### ईद दिलों को दिलों से मिलाने का पर्वः सुरेंद्र शर्मा

जदयू राष्ट्रीय कार्यसमिति के पूर्व सदस्य अधिवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने ईद उल फितर के अवसर पर मुस्लिम भाईयों को दिली मुबारकबाद पेश करते हुए कहा कि यह एक ऐसा पर्व है जो पवित्रता से परिपूर्ण है जो आपसी मिठास कायम रखने,भाईचारे की डोर को मजबूत रखने और दिलों को दिलों से मिलाने का संदेश देता है अमन की तरक्की के लिए इस संदेश को दिलों में कायम रखने की बड़ी जरूरत है जिसे और आगे ले जाने का सार्थक प्रयास हो क्योंकि भाईचारा ही हमारी विरासत और संस्कृति है।

## एकेएस के 98 स्टूडेंट्स का सीमेंट की विभिन्न इकाइयों में कैंपस चयन



**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड बालेंद्र विश्वकर्मा ने खुशी व्यक्त करते हुए बताया कि यह कैंपस चयन बड़े पैमाने पर आयोजित हुआ जिसमें डिप्लोमा/बी.टेक सीमेंट टेक्नोलॉजी 2025 बैच के 46 छात्र,डिप्लोमा/बी.टेक सीमेंट टेक्नोलॉजी 2024 बैच के18 छात्र,बी.टेक इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल 2024 बैच के 22 छात्र,माइनिंग एलुमनाई में 2प्रथम श्रेणी मेटल माइंस में और 9 द्वितीय श्रेणी मेटल माइंस हैं। कुल 98 स्टूडेंट्स को अच्छे पैकेज,सुखद भविष्य और ड्रीम कंपनी में कार्य अवसर के लिए चयन हुआ है। उन्होंने बताया कि एकेएस स्टूडेंट्स का कैंपस चयन अदानी सीमेंट लिमिटेड में होना स्टूडेंट के उज्जवल भविष्य के लिए अहम है। स्टूडेंट्स को कार्यअवसर त्रिस्तरीय चयन प्रक्रिया लिखित परीक्षा में अच्छे मानक अंक, ग्रुप डिस्कशन में विषयवार क्रमबद्धता से एचआर मैनेजर पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा। इंटरव्यू के दौरान जोश,जज्बे और काम का जुनून भांपकर शानदार स्किल्स पर मुहर लगी। अदानी सीमेंट लिमिटेड में स्टूडेंट्स को कार्य अवसर पर चयनित पासआउट बैच ने बातचीत के दौरान बताया कि उन्हें यह अवसर मिलने से वह भविष्य में बेहतर कार्य करने के लिए कृत संकल्पित है। अदानी सीमेंट मेंअच्छे पैकेज पर हुए चयन के बाद स्टूडेंट्स ने विश्वविद्यालय प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## खबर संक्षेप

### पवई एक दूसरे को गले मिलकर मनाई ईद, देश में अमन, चैन भाईचारे तरक्की की मांगी दुआ



**पवई।** पूरे देश में बड़े ही उल्लास के साथ ईद उल फितर मनाई गई।इस अवसर पर पवई के कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पीछे स्थित बड़ी जामा मस्जिद के ईदगाह मैदान में मुस्लिम समाज के द्वारा ईद की नमाज पढ़ कर दुआ मांग कर ईद मनाई गई। साथ ही देश की तरक्की अमन चौन भाईचारे व खुशी के लिए दुआ की गई। नमाज के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा एक दूसरे से गले मिलकर बधाई दी। बता दें कि ईद उल फितर का पर्व रमजान के अंत का प्रतीक है। यह पहली बार है जब मुसलमान रमजान के दौरान उपवास के बाद दिन में खा सकते है। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से शासन प्रशासन और पुलिस बाल मौजूद रहा।

### जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्राम बनौली में की कुआंताल जलाशय की सफाई



**पन्ना।** शासन के निर्देशानुसार आगामी तीन माह तक संचालित होने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत आज जिले के विभिन्न स्थानों पर जल स्त्रोतों की साफ-सफाई और संरक्षण का कार्य प्रारंभ किया गया। इस दौरान जागरूकता गतिविधियों के आयोजन के साथ ही जनप्रतिनिधि और अधिकारियों द्वारा आमजनों से अभियान में भागीदारी की अपील की गई।

# अजयगढ़ की ईदगाह मैदान में नमाज अदा कर मुस्लिम समुदाय ने मनाई ईद



### देश में अमन चौन भाईचारे तरक्की की मांगी दुआ

### राजस्व विभाग व पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी रहे उपस्थित



**अजयगढ।** आज पूरे देश मे बड़े ही उल्लास के साथ ईद मनाई गई।इस अवसर पर आज अजयगढ़ की जामा मस्जिद के सामने ईदगाह मैदान,नूरी मस्जिद,ख्वाजा गरीब नवाज मस्जिद में मुस्लिम समाज के द्वारा ईद की नमाज पढ़ कर दुआ मांग कर ईद मनाई गई।ईद की नमाज जामा मस्जिद में इमाम हारून रजा साहब,नूरी मस्जिद में इमाम जब्बार हाफिज व ख्वाजा गरीब नवाज में मो.फईम के द्वारा पढ़ाई गई।साथ ही देस की तरक्की अमनचेन भाईचारे व खुशी को लेकर दुआ की गई। नमाज बाद मुस्लिम समुदाय के लोगो द्वारा गले मिलकर एक दूसरे को बधाई दी इसके उपरांत हजरत रमजान शाह बाबा की बारगाह में हाजिरी देते हुए फातेहा पढ़ कर अपने मरहूम को इसाले सबाब किया गया और एक दूसरे के घर जा कर सिमैय्या खा कर ईद मनाई उक्त कार्यक्रम के दौरान पुलिस विभाग की सुरक्षा व्यवस्था में तहसीलदार सुरेंद्र कुमार,थाना प्रभारी बखत सिंह अपने अमले के साथ मौजूद रहे।जामा मस्जिद के सदर मो. नसीर,नूरी मस्जिद के सदर रिजवान खान व ख्वाजा गरीब नवाज के सदर मो.रहीश सौदागर ने अधिकारियों द्वारा की गई व्यवस्था को लेकर आभार व्यक्त किया ।

## अकीदत के साथ अदा की गई ईदुल फितर की नमाज

### जिले भर में सांप्रदायिक सद्भाव के साथ मनाई गई ईद

### माहे रमजान की इबादत का ईनाम है ईद- मौलाना मोईज्जोद्दी

### हजारों लोगों ने देष में अमन और चौन की मांगी दुआ



**पन्ना।** जिले भर में आज ईद का त्यौहाद उत्साह के साथ मनाया गया। ईद के मौके पर इस बार लोगों में अलग ही उत्साह देखने को मिला। पवित्र माह रमजान में की गई इबादत के ईनाम के रूप में लोगों को ईद का मुबारक दिन नसीब होता है। सभी ने मिलकर धूमधाम के साथ ईद का त्यौहार मनाया। ईद के दिन सुबह-सुबह लोग नई-नई पोशाकों में नजर आये। खुशनुमा मौहाल में हजारों लोगो ने पूरी अकीदत और एहतराम के साथ ईद-उल-फितर की नमाज अदा की। इस विशेष नमाज के दौरान शहर की मस्जिदों में देश की खुशहाली और अमन के लिये हजारों लोगों ने दुआ मांगी। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। ईद के मौके पर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। परामपरागत पोशाकों में सजे बच्चों ने भी बड़ों के साथ मिलकर ईद की खुशियां बांटी। हर बार की तरह इस बार भी मुस्लिम भाईयों को ईद की बधाई देंने सभी वर्गों, समुदायों के लोग पहुंचे और एक दूसरे को गले लगाकर ईद की बधाई दी। जिले भर में सांप्रदायिक सौहार्द के साथ ईद का त्यौहार मनाया गया। शहर के पावर हाउस चौराहे पर नगर पालिका ने ईद मिलन के इंतेजाम किए थे, जहां नगर पालिका सीएमओ शशिकपूर गणपाले सहित पार्षदगण एवं भाजपा नेता विष्णु पाण्डेय सहित कई लोगों ने ईद की बधाई दी गई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिवजीत सिंह भी मस्जिद पहुंचे और लोगों से गले मिलकर ईद की बधाई दी। इसके अलावा जिले के देवेन्द्रनगर, शाहनगर, बोरी, पवई, अमानगंज, मोहन्द्रा, सिमरिया, रैपुरा, कुंवरपुर, सुनवानी, हरदी, तुलापुर, कटर्रा, महेवा, कृष्णगढ़, बिरसिंहपुर, सलेहा, भटिया, गुनौर, ककरहटी, अजयगढ़, बरौली, अमरछी में भी ईद-उल-फितर का त्यौहार उत्साह के साथ मनाया गया। ईद के मौके पर शहर की बादशाह सांई मस्जिद, जामा मस्जिद और ईदगाह में हजारों लोग एक साथ ईद की नमाज अदा करते नजर आए। गर्मी के चलते नमाज सुबह जल्द ही नमाज अदा की गई। शहर की सबसे बड़ी मस्जिद बादषाह सांई में 8:45 बजे इमाम मुफ्ती अख्तर रजा साहब ने ईद की नमाज पढ़ाई। शहर की ईदगाह मस्जिद में सुबह 8:30 बजे इमाम मौलाना सिराजुल हसन ने नमाज पढ़ाई। इसी तरह सुबह 9 बजे जमा मस्जिद मरकस किशोरगंज में मौलाना मोईज्जोद्दीन नदवी ने नमाज पढ़ाई। गर्मी को देखते हुए शहर कमेटी पन्ना द्वारा बादषाह साई मस्जिद में टेंट लगाया गया, ताकि सुबह से होने वाली तेज गर्मी में लोगों को परेषानी न हो। हालाकि आज मौसम खुशनुमार था और लोगों ने सुखद वातावरण में नमाज अदा की। मस्जिद में नगर पालिका द्वारा पानी का पर्याप्त प्रबंध किया गया था, ताकि यहां आने वाले लोगों को किसी तरह की परेषानी न हो। ईद के मौके पर नमाज के बाद शहर की तीनों मस्जिदों में देश में अमन-चौन व खुशहाली की दुआ की गई। इसके बाद लोगों ने गले मिलकर एक दूसरे को मुबारकबाद दी। नमाज बाद शहर के कब्रस्तानों मं पहुंचकर फातिहा की। ईद नमाज के बाद जिला प्रशासन के अधिकारी भी मस्जिदों में पहुंचकर मुस्लिम समाज के लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। शहर में शांति और सौहार्द के साथ ईद का त्यौहार मनाया गया। शहर में सुरक्षा व्यवस्था के भरकस इंतेजाम किए गए थे। शहर सदर रिजवान मोहम्मद एवं शहर काजी मौलाना मोईज्जोद्दीन ने सभी को ईद की मुबारकबाद दी और सौहार्दपूर्ण माहौल में त्यौहार मनाने को लेकर जिला प्रशासन का आभार जताया।





## 348वें बुद्ध जी शाका व हिंदू नववर्ष 2082 के पावन पर्व पर श्री प्राणनाथ जी मंदिर में प्रार्थना उपरांत ध्वजारोहण किया गया

**पन्ना।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा हिंदू नव वर्ष मैं प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष से भी श्री प्राणनाथ जी मंदिर के ब्रह्म चबूतरे में सुबह मंगल आरती उपरांत सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की गई तो वहीं मंदिर के शिखर में ध्वजा स्थापित किया गया। तत्पश्चात प्रभात फेरी जिसमें सैकड़ो श्रद्धालु सुंदर साथ शामिल हुए जो पन्ना स्थित चारों मंदिर होते हुए श्री प्राणनाथ चौक पहुंचे जहां ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात सभी लोगों ने एक दूसरे को नव वर्ष की बधाइयां दी एवं श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर द्वारा प्रसाद कभी वितरण किया गया। मालूम हो कि संवत 1735 में, हरिद्वार कुंभ मेले के पावन अवसर पर, महामति श्री प्राणनाथ जी को समस्त हिंदू धर्माचार्यों द्वारा, पूर्व में की गई भविष्यवाणियों एवं गहन धर्मचर्चा के आधार पर, श्री विजयाभिनंदन बुद्ध निष्कलंक अवतार के रूप में स्वीकार व घोषित किया गया। उसी ऐतिहासिक क्षण से बुद्ध जी शाका का शुभारंभ हुआ।

**साका सालवाहन का, सोरह से पूरन। बैठा साका विजयाभिनन्द का, तब फिराये फिरके सैयन।। श्री बीतक साहेब**

उस समय शालिवाहन शाका के १६०० वर्ष व्यतीत हो चुके थे। तब सुन्दरसाथ के समक्ष सभी सम्प्रदायों के आचार्यों ने विजयाभिनन्द बुद्ध जी की शाका के प्रारम्भ होने की घोषणा की। भावार्थ- इस चौपाई के चौथे चरण में कथित शिफरनाश शब्द का अर्थ घोषित करना या प्रचारित करना होता है। सभी सम्प्रदायों के आचार्यों ने श्रीजी से शास्त्रार्थ में यह स्वीकार किया कि आप ही विजयाभिनन्द बुद्ध निष्कलंक स्वरूप हैं और उस दिन से उनके नाम की शाका (संवत) भी प्रारम्भ हो गया

### भारतीय संस्कृति से जुड़ाव और संरक्षण जरूरी- जिपं अध्यक्ष

## विक्रम सम्वत के शुभारंभ पर हुआ विक्रमोत्सव का आयोजन





**पन्ना।**

हिन्दू नववर्ष भारतीय संस्कृति एवं परंपरा से परिचित होने का बेहतर अवसर है। देश की संस्कृति से जुड़ाव और इसका संरक्षण आवश्यक है। भावी पीढ़ी भी इतिहास व सनातन परम्परा को समझे और जीवन में आत्मसात करे। यह बात जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे ने रविवार को भारतीय नववर्ष एवं विक्रम सम्वत 2082 के शुभारंभ अवसर पर श्री जुगल किशोर मंदिर परिसर में आयोजित विक्रमोत्सव 2025 के कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने हिन्दू नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि किसी भी देश की संस्कृति के विघटन से उसकी तरक्की संभव नहीं है। इस प्रकार के आयोजन से निश्चित ही गुलामी की मानसिकता से मुक्त होने और विरासत को आत्मसात करने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि देश की संस्कृति में नक्षत्र, ग्रह और मुहूर्त एवं तिथियों का भी अलग महत्व है। गुड़ी पड़वा का पर्व एवं हिन्दू नववर्ष एक सामान्य त्यौहार नहीं, बल्कि नई ऊर्जा, नई उमंग, नए उत्साह का पर्व है। मध्यप्रदेश सरकार प्राचीन परंपरा, संस्कृति को सहेजने एवं संरक्षित करने का कार्य कर रही है। केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा धार्मिक स्थानों को पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि इस त्योहार से प्राचीन परंपराओं, संस्कृति को समझने, सहेजने एवं संरक्षित करने का हमें मौका मिला है। अपनी पुरानी संस्कृति और परंपरा को कभी नहीं भूलना चाहिए। नगर पालिका अध्यक्ष मीना पाण्डेय ने कहा कि आज हर्ष, आनंद एवं उत्सव का विषय है कि भारतीय परंपरा के मान बिंदुओं को स्थापित किया जा रहा है, उनके प्रति श्रद्धा को प्रेरित किया जा रहा है। यह नव वर्ष उत्साह, ऊर्जा और आनंद की अनुभति देता है। भारतीय नववर्ष प्रकृति एवं ऊर्जा के सकारात्मक पहलुओं को लेकर आता है। विक्रम संवत भारतीयों के लिए गौरव और मान का वर्ष है। कार्यक्रम में कलेक्टर सुरेश कुमार ने विक्रम सम्वत की भूमिका का वाचन कर उपस्थितजनों को हिन्दू नववर्ष की बधाई दी। अतिथियों द्वारा मंच पर पुष्पांजली अर्पित कर ब्रह्म ध्वज का वंदन किया गया।

### राजा विक्रमादित्य के नाटक का मंचन

विक्रमोत्सव कार्यक्रम में सम्राट विक्रमादित्य पर आधारित नाटक का मंचन किया गया। इसके माध्यम से विक्रमादित्य के जीवन और शौर्य के बारे में अवगत कराया गया। अंगना फाउंडेशन पन्ना के कलाकारों ने ऐतिहासिक नाट्य मंचन की आकर्षक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, अतिरिक्त सीईओ एवं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अशोक चतुर्वेदी सहित पुष्पराज सिंह, सीएमओ शशिकपूर गढ़पाले एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में आमजन, गणमान्य नागरिक एवं प्रबुद्धजन भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार द्वारा किया गया।

## आगामी त्योहारों के मद्देनजर देवेंद्रनगर में पन्ना एस डी ओ पी के नेतृत्व में निकाला गया फ्लैग मार्च



**देवेंद्रनगर।** आगामी समय में विभिन्न समुदायों के बहुत महत्वपूर्ण त्योहार एवं पर्वों को देखते हुए नगर में शांति व्यवस्था और सौहाद्र बनाए रखने के उद्देश्य से एसडीओपी एसपी सिंह बघेल केनिर्देशन में रक्षित निरीक्षक देवेंद्रनगर थाना प्रभारी हरबचन सिंह कुड़ापे द्वारा सैकड़ो की संख्या में पुलिस बल विधि सम्मत तरीके से देवेंद्रनगर में हायर सेकेंडरी स्कूल से लेकर सलेहा रोड पन्ना रोड एवं सतना रोड विभिन्न मुख्य मार्गों पर मार्च पास निकाल कर शांति का संदेश दिया गया फ्लैग मार्च पास्ट के दौरान उच्च अधिकारियों द्वारा लोगों को शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने एवं लॉ इन ऑर्डर मेंटेन रखने के सख्त निर्देश दिए गए साथ ही बताया गया कि पुलिस की पहली प्राथमिकता सभी धर्म के त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ ग्राम पंचायत कृष्णगढ़ में जनपद पंचायत अध्यक्ष पवई मोहनी आनंद मिश्रा ने किया



**पन्ना।**

जनपद पंचायत पवई की ग्राम पंचायत कृष्णगढ़ में 30 मार्च को जल गंगा संवर्धन अभियान का श्री गणेश उद्घाटन जनपद अध्यक्ष श्रीमती मोहनी आनंद मिश्रा द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया जिसमें मुख्य रूप से सभापति कमलेश तिवारी पीसीओ वेद नारायण अवस्थी राजेंद्र मिश्रा ,सब इंजीनियर,सरपंच सुनील रैकवार, सचिव, रोजगार सहायक,सहित ग्राम पंचायत के लोगों की मौजूदगी रही यह अभियान अध्यक्ष मोहनी आनंद मिश्रा के नेतृत्व में कृष्णगढ़ जल संरक्षण एवं पर्यावरण सुधार के उद्देश्य प्रारंभ किया गया इस अभियान के अंतर्गत जल के महत्व को समझते हुए तालाबों कुओं एवं बावड़ियों के जीर्णोद्धार के साथ-साथ नए जल स्त्रोतों का निर्माण भी किया जाएगा इसके अतिरिक्त संघन वृक्षारोपण भी इस अभियान का अहम हिस्सा होगा इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी पवई अखिलेश कुमार उपाध्याय सीईओ द्वारा जानकारी दी गई की है यह अभियान ग्राम पंचायतों में 30 मार्च से लेकर जून तक लगातार चलेगा इस दौरान जल संरक्षण के साथ-साथ ग्रामों में श्रमदान के जरिए नाले तालाबों और सार्वजनिक कुओं की सफाई मंदिरों परिषदों की स्वच्छता एवं वृक्षारोपण जैसे कार्य किए जाएंगे साथ ही बैगा आदिवासी समाज के साथ चौपाल कार्यक्रम में जल संरक्षण और पर्यावरण की महत्ता पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। जनपद पंचायत पवई की अध्यक्ष श्रीमती मोहनी आनंद मिश्रा ने अपने उद्बोधन के दौरान कहा हमारे देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जल शक्ति मिशन और हमारे देश के मुख्यमंत्री माननीय डॉक्टर मोहन यादव जी की जल गंगा संवर्धन अभियान के संकल्पों को साकार करने के लिए अभियान शुरू किया जा रहा है उन्होंने कहा कि जल है तो कल है यह नारा आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संरक्षण की आवश्यकता को रेखांकित करता है जल हमारी धरोहर है और यह हमारी यह संस्कृति एवं परंपरा का अभिन्न हिस्सा है जिसमें जल और वृक्षों की पूजा का विशेष महत्व है यह अभियान जन जन के जीवन से जुड़ा हुआ है और इस समाज के प्रत्येक वर्ग को सक्रिय भागीदारी से जन आंदोलन में परिवर्तित किया जाएगा जनपद पंचायत पवई की अध्यक्ष ने यह भी बताया कि अब अभियान के तहत ऐतिहासिक संस्कृति और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण जल स्त्रोतों तालाबों और देवालयों में जल संरक्षण कार्य किए जाएंगे इसके अलावा अपनी चौपाल पानी पंचायत और जल पंचायत का आयोजन कर ग्राम वासियों को जल संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया जाएगा इस अभियान के दौरान जनपद अध्यक्ष मोहनी आनंद मिश्रा के साथ कमलेश तिवारी सभापति पीसीओ वेदनारायण अवस्थी सरपंच सुनील रैकवार सब इंजीनियर राजेंद्र मिश्रा सचिव एवं ग्राम वासियों ने मिलकर गांव के तालाब को स्वच्छता अभियान के तहत सफाई की गई इस अभियान के दौरान सरपंच ग्राम पंचायत सरपंच जनपद सदस्य एवं अधिकारी साथ मिलकर जल गंगा अभियान को सशक्त बनाएंगे इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष पवई जनपद सदस्य सरपंच सब इंजीनियर पीसीओ सचिव और रोजगार सहायक सहित पंचायत ग्रामीण लोगों के साथ ग्राम गांवों लोगों की उपस्थिति रही।

## सुनवानी कला में भारी जन आक्रोश: तत्काल प्रभाव से बंद हो मांस मदीरा की दुकानें

### धार्मिक भाव आहत हुए तो परिणाम अच्छा नहीं होगा द्विवेदी

### देसी मदिरा की दुकान का हो स्थान परिवर्तन



**अमानगंज**

पन्ना जिले के दूरस्थ पुलिस थाना क्षेत्र सुनवानी कला मुख्यालय में आज स्थानीय जनता मे व्यापक आक्रोश देखने को मिला भारी संख्या में जब आम जनमानस गांव में नारेबाजी करती हुई पुलिस थाना प्रवेश कर गई और वहां एक ज्ञापन थाना प्रभारी के नाम देते हुए जनता ने कहा कि गांव में खुली मांस मछली की दुकान तत्काल प्रभाव से बंद की जावे इस विषय में जनपद पंचायत पवई के सदस्य नीरज द्विवेदी ने मीडिया के माध्यम से कहा कि नवरात्रि पर्व पर हर वर्ष यहां 9 दिनों के लिए मांस मछली की दुकान बंद हो जाया करती थी परंतु इस बार दुकानदारों ने दुकानों को बंद ना करके अपना काम और विस्तार कर लिया गांव की जनता माताएं बहने जब जल अर्पण करने देवी मंदिरों को निकलती है तो यह सब देखकर उनकी भाव अत्यंत आहत होते हैं 24 घंटे का समय देते हुए स्थानीय जनता ने कहा कि पूरे 9 दिनों के लिए पूर्व की भांति यह दुकान बंद रहेगी अन्यथा यहां परिणाम ठीक नहीं होंगे इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष जागेश्वर शुक्ला ने अपने कथन में कहा की नई शराब की दुकान जो सुनवानी कला में आरंभ हो रही है उसका स्थान उचित नहीं है उसका स्थान तत्काल प्रभाव से बदला जावे क्योंकि यह बीच गांव में स्थित है जहां शैक्षणिक पाठशालाएं पहले से ही स्थापित है विद्यालय जहां स्थापित है वहां शिक्षा व्यवस्था इन दुकान की वजह से प्रभावित होगी दुकान गांव के बाहर हो यही उचित है क्योंकि जहां यह दुकान होती है वह आपराधिक प्रवृत्ति के लोग 24 घंटे बने रहते हैं और अपने नशे में कुछ ना कुछ करते ही रहते हैं अतः दुकान को बाहर सुनिश्चित किया जाए अन्यथा गांव में दिक्कत परेशानी बढ़ने से यहां दुकान का चलना संभव नहीं है जनता इन दोनों ही मामलों को लेकर जनता में भारी आक्रोश की लहर देखी गई और दोनों ही विषय पर जनता ने अपने ज्ञापन देकर 24 घंटे में यथा उचित कार्यवाही जनहित में मांगी है।

## खबर संक्षेप



### मुस्लिम समाज ने शांतिपूर्वक मनाई ईद, मांगी अमन चैन की दुआ

**छतरपुर**। रविवार की शाम को चांद का दीदार होने के बाद सोमवार की सुबह शहर की बड़ी ईदगाह में ईद की सामूहिक नमाज अदा की गई। मुस्लिम समाज के लोगों ने नमाज अदा करने के बाद अमन-चैन की दुआ मांगी। इसके साथ ही सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। ईदगाह में कलेक्टर पार्थ जैसवाल, एसपी अगम जैन, कांग्रेस जिलाध्यक्ष महाप्रसाद पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिध भी मौजूद रहे। छतरपुर निवासी मुस्ताक खान ने बताया कि रमजान के बाद आज ईद की इबादत की गई है। उन्होंने कहा कि इस पवित्र महीने में हम अल्लाह की इबादत करते हैं। वहीं कलेक्टर पार्थ जायसवाल ने बताया कि पूरे जिले में शांतिपूर्ण माहौल है, सुरक्षा के मुदेनजर गली और चौराहों पर पुलिस बल तैनात किया गया है। एसपी अगम जैन ने बताया कि जिले के सभी इलाकों में शांतिपूर्ण तरीके से ईद का त्यौहार मनाया गया है। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी जगह पुलिस बल तैनात रहा।

### 9 माह की बच्ची को सांप ने काटा, मौत

**छतरपुर**। ईशानगर थाना क्षेत्र के ग्राम बौंड़ा में बीती रात एक जहरीले सांप ने 9 माह की बच्ची को काट लिया, जिससे बच्ची की मौत हो गई। बताया गया है कि बौंड़ा निवासी मूलचंद्र अहिरवार ने बताया कि उसके पुत्र बलदाऊ अहिरवार की 9 माह की बेटी पूर्वी अहिरवार अपनी मां मनीषा के साथ घर में सो रही थी। रात करीब 3 बजे कमरे में आए एक जहरीले सांप ने उसे काट लिया। घटना के बाद परिजन आनन-फानन में बच्ची को ईशानगर अस्पताल लेकर गए लेकिन वहां कोई डॉक्टर नहीं मिला। इसके बाद परिजन निजी वाहन से बच्ची को जिला अस्पताल लाए, जहां चिकित्सकों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया।

### विधायक ने ग्राम तालगांव से जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत



**खजुराहो**। राजनगर विधायक अरविंद पटेरिया ने जनपद पंचायत राजनगर की ग्राम पंचायत तालगांव के सुख सागर तालाब की साफ सफाई करके मध्यप्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत की। इस मौके पर विधायक पटेरिया ने साकेत धाम मंदिर परिसर में लोगों के साथ झाड़ू लगाकर साफ सफाई रहने का संदेश दिया। उन्होंने ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त ग्राम वासियों को शासन द्वारा दी जा रही विभिन्न शासकीय योजनाओं के संबंध में अवगत कराते हुए वर्तमान में पेयजल समस्या को देखते हुए पेयजल संरक्षण एवं संवर्धन के महत्व को बताते हुए समस्त ग्राम वासियों से अपने-अपने खेतों में खेत तालाब एवं गांव में निर्मित पुरानी जल संरचनाओं के संरक्षण हेतु सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र अवस्थी सीईओ राकेश शुक्ला ग्राम पंचायत के सरपंच मनोज पटेल,उपयंत्री, पीसीओ,पंचायत सचिव सहित बड़ी संख्या में ग्राम वासी उपस्थित रहे।

# प्रभात फेरी में शामिल युवक पर असमाजिक तत्वों ने किया हमला

## बीच बचाव करने गए भाजपा नेता सहित दो घायल, जांच में जुटी पुलिस

छतरपुर





सोमवार की सुबह शहर में उस वक्त हंगामे की स्थिति निर्मित हो गई जब कुछ असमाजिक तत्वों ने रामनवमीं की प्रभात फेरी में शामिल एक युवक पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इस हमले में दो लोग घायल हुए हैं, जिनमें से एक भाजपा नेता हैं जो कि बीच-बचाव कर रहे थे। दो हमलावरों को मौके पर मौजूद लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है।

श्रीराम सेवा समिति के पंकज पहारिया ने बताया कि रोज की तरह सोमवार को भी शहर में प्रभात फेरी निकाली जा रही थी। इसी दौरान सीताराम कॉलोनी की बर्फ फैक्ट्री के पास आदतन अपराधी अभय वर्मा उर्फ बक्कल, डीपी ठाकुर सहित एक अन्य युवक ने प्रभात फेरी के साथ चल रहे संजू मिश्रा निवासी छतरपुर के ऊपर धारदार हथियारों (छुरा और बका) से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से मौके पर हंगामा खड़ा हो गया। संजू मिश्रा को बचाने के लिए पहुंचे भाजपा नेता सुरेन्द्र साहू सहित एक अन्य युवक पर भी आरोपियों ने हमला कर दिया जिससे वह भी घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह दो आरोपियों को पकड़ा, जबकि एक आरोपी भाग निकला। पकड़े गए आरोपियों को कोतवाली पुलिस के हवाले करने के बाद घायलों को जिला अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना की खबर मिलने के बाद भाजपा नेता पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह भी जिला अस्पताल पहुंचे जहां उन्होंने घायलों से मुलाकात की। कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी ने बताया कि प्रभात फेरी के दौरान विवाद हुआ था, जिसमें दो लोग घायल हुए हैं। फरियादी की शिकायत लेकर मामले की जांच की जा रही है।

# भवन पर कब्जा करने पहुंचे लोगों ने की दिन-दहाड़े फायरिंग

### पुलिस ने एक व्यक्ति को पकड़ा, की जा रही पूछताछ



**छतरपुर**। सोमवार की दोपहर में शहर के सिविल लाइन थाना अंतर्गत पन्ना रोड पर मौजूद एक भवन पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया जिसके बाद एक पक्ष के लोगों ने फायरिंग कर दी। घटना की जानकारी मिलते ही सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची, जहां से एक व्यक्ति को पकड़ा गया है। पकड़े गए व्यक्ति से पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पन्ना रोड की रेडियो कॉलोनी के पास स्थित संजू यादव की योगा कुलम बिल्डिंग को परिवार के लोगों द्वारा उसकी सहमति के बिना पिछले दिनों पुष्पेन्द्र पटेल को बेच दिया गया था। जिसके बाद संजू यादव ने न्यायालय की शरण ली थी, जहां वर्तमान में मामला विचाराधनी है। सोमवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे पुष्पेन्द्र पटेल अपने कुछ साथियों के साथ उक्त भवन पर कब्जा करने पहुंच गया, जहां संजू यादव के परिवार की एक महिला से उनकी कहा-सुनी हुई। इसी बीच पटेल पक्ष की ओर से किसी व्यक्ति ने फायरिंग कर दी। गोली चलने के बाद मौके पर हड़कंप मच गया तथा स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। जानकारी मिलते ही सिविल लाइन थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। थाना प्रभारी ने बताया कि मौके से एक व्यक्ति को पकड़ा गया है जिससे पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के बाद मामला पंजीबद्ध किया जाएगा।

# ट्रॉली में फसल के नीचे छिपाकर की जा रही थी शराब तस्करी

### पुलिस ने दो तस्करों के कब्जे से जप्त की 360 लीटर अवैध शराब



**छतरपुर**। जिले के बमनौरा थाना क्षेत्र में शराब तस्करों ने तस्करी के लिए अनूठा तरीका अपनाया था लेकिन इसके बाद भी पुलिस द्वारा उन्हें पकड़ लिया गया। बताया गया है कि तस्कर, ट्रॉली में फसल के नीचे शराब की पेटियां छिपाकर ले जा रहे थे। पुलिस ने दो शराब तस्करों के कब्जे से 360 लीटर अवैध शराब जप्त की है।

बमनौरा थाना प्रभारी उपनिरीक्षक शिशिर तिवारी ने बताया कि पेट्रोलिंग के दौरान उन्हें भेल्दा तिराहा के कचरा मार्ग पर ट्रॉली से शराब तस्करी की सूचना मिली थी, जिसके आधार पर पुलिस टीम ने ट्रैक्टर को रोका, जिसकी ट्रॉली में भरी फसल के नीचे शराब की 40 पेटियां छिपाई गई थीं। पकड़े गए तस्करों ने अपने नाम प्रकाश पुत्र हलके सेन और इमरत पुत्र तिज्जु पाल दोनों निवासी ग्राम कचरा थाना बमनौरा बताए हैं। पूछताछ में तस्करों ने यह भी बताया कि उक्त शराब उन्होंने बहादुरपुर निवासी रघुवीर यादव से खरीदी है। अवैध शराब के साथ-साथ संबंधित ट्रैक्टर-ट्रॉली को जप्त किया गया है। प्रकरण में प्रकाश और इमरत के साथ-साथ रघुवीर यादव के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर रघुवीर की तलाश शुरु की गई है।

# मानसिक बीमारी से जूझ रहे बेटे ने पिता को उतारा मौत के घाट

### चचेरे भाई को भी किया घायल, घटना के बाद गांव में पसरा मातम



**छतरपुर**। सोमवार को खजुराहो थाना क्षेत्र के भरवा गांव से दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। दरअसल भरवा गांव का रहने वाला एक युवक मानसिक बीमारी से जूझ रहा है, जिसके द्वारा सुबह के वक्त अपने पिता की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इतना ही नहीं युवक ने अपने चचेरे भाई पर भी हमला किया था लेकिन वह किसी तरह बच निकला। घटना के बाद गांव के लोगों ने युवक को पकड़कर रस्सी से बांध दिया और बाद में पुलिस के हवाले कर दिया।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक भरवा निवासी 55 वर्षीय मनकू पाल के पुत्र रामपाल उम्र 30 वर्ष की दिमागी हालत ठीक नहीं है, जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती है उसकी मानसिक स्थिति बिगडऩे लगती है। पिछले कई सालों से रामपाल का इलाज भी चल रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक पिछले कुछ दिनों से परिवार में पुश्तैनी जमीन को लेकर झगड़ा चल रहा था, सोमवार की सुबह भी परिवार के लोग विवाद कर रहे थे कि तभी अचानक रामपाल ने पास के मंदिर में रखी गदा उठाकर अपने पिता पर हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो रामपाल अपने पिता मनकू पर तब तक प्रहार करता रहा जब तक की उसकी मौत नहीं हो गई। इस बीच जब रामपाल का चचेरा भाई महेश पाल उम्र 25 वर्ष ने उसे रोकने का प्रयास किया तो रामपाल ने उस पर भी हमला कर दिया। महेश पाल को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बाद में किसी तरह गांव के लोगों ने रामपाल को काबू में लिया और रस्सी से बांध दिया। रामपाल के भाई सुरेन्द्र ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें आरोपी रामपाल पिता का खून पीने जैसी अन्य अनर्गल बातें कर रहा है। ग्रामीणों से जानकारी मिली है कि आरोपी रामपाल के तीन भाई हैं, जिनके बीच बंटवारे को लेकर उसका आए दिन अपने पिता से विवाद होता था। रामपाल चाहता था कि उसके दादा के नाम की जमीन उसे मिले। खजुराहो एसडीओपी नवीन दुबे ने बताया कि आरोपी रामपाल को गिरफ्तार कर लिया गया है, मामले की जांच की जा रही है।

# मेकअप प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ रहीं प्रेरणा सागर

### सौम्या और संजना को चुना गया बेस्ट ड्रेस डिजाइनर




**छतरपुर**। बीते रोज शहर के एक निजी होटल में मेकअप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें डेढ़ दर्जन से अधिक प्रतिभागियों ने सहभागिता की। प्रभाकर वस्त्रम के सहयोग से मोना सिंह राजपूत द्वारा आयोजित की गई उक्त प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि क्रमिक यादव मिस्टर इंडिया-2022 रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में छतरपुर की पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अर्चना सिंह शामिल हुईं।

आयोजक मोना सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में संभाग के जिलों की 20 से अधिक लड़कियों ने भाग लिया था। मेकअप प्रतियोगिता में प्रेरणा सागर ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि सौम्या और संजना को बेस्ट ड्रेस डिजाइनर चुना गया। सौम्या और संजना ने अपनी मॉडल को हम आपके हैं कौन फिल्म में अभिनेत्री माधुरी दीक्षित द्वारा पहनी गई ड्रेस की तर्ज पर तैयार किया था, जिसकी सभी ने सराहना की।

# डीआईजी ने पैदल भ्रमण कर जांची सुरक्षा व्यवस्था



**छतरपुर**। त्यौहारों के मद्देनजर बीती शाम डीआईजी ललित शाक्यवार ने शहर में पैदल भ्रमण कर शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को जांचा। श्री शाक्यवार छत्रसाल चौराहे से नया मोहल्ला, संकट मोचन मंदिर, चौक बाजार राम दरबार, बस स्टैंड राम दरबार, पुराना पन्ना नाका राम दरबार पहुंचे और सुरक्षा व्यवस्था की जांच कर अमले को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीआईजी ने बताया कि थाना मोबाइल, अतिरिक्त मोबाइल पार्टी, निर्भया मोबाइल तथा सीसीटीवी कंट्रोल रूम नियमित रूप से काम कर रहे हैं। साथ ही समस्त थाना एवं चौकी क्षेत्र के मार्गों, बाजारों एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर पैदल भ्रमण करते हुए नगरवासियों से संवाद किया जा रहा है। इस मौके पर उनके साथ सीएसपी अमन मिश्रा, कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह दांगी, सिविल लाइन थाना प्रभारी निरीक्षक बाल्मिक चौबे सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

# अंतरराज्यीय गिरोह का थाना हरपालपुर पुलिस ने किया पर्दाफाश, 5 आरोपी गिरफ्तार

***हरपालपुर**। थाना क्षेत्र के अंतर्गत कस्बे हरपालपुर में पुलिस को रात्रि गस्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि रेलवे स्टेशन के गोदाम के पास कुछ लोग चोरी के नियत से योजना बना रहे थे पुलिस बल के साथ आरोपियों को दबोच लिया।*

*टीआई पुष्पक शर्मा ने बताया है कि आरोपियों द्वारा एक ताला लगे घर मे चोरी करने की योजना बना रहे थे। पुलिस ने आरोपी राजपूत पिता पन्ना राजपूत निवासी पराखेरा थाना राठ जिला हमीरपुर उत्तरप्रदेश जिसके ऊपर राज्य में कुल 7 चोरी व लूट के अपराध दर्ज है,प्रिंस राजपूत पिता प्रदीप राजपूत निवासी ब्यावल खटोला थाना सरसई जिला दतिया मध्यप्रदेश जिसके विरुद्ध 3 चोरी के मामले दर्ज है।*

*धनपत पिता देवीदीन अनुरागी निवासी सरीला थाना जरिया जिला हमीरपुर उत्तरप्रदेश जिसके विरुद्ध पूर्व में 2 अपराध दर्ज है,अरुण पिता छविलाल राजपूत निवासी पठा थाना मऊरानीपुर के ऊपर 2 अपराध दर्ज है। विशाल पिता सन्तोष आर्य निवासी चकारा थाना लहचुरा जिला झांसी के विरुद्ध थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता के तहत गिरोह द्वारा चोरी की योजना का अपराध दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर कार्यवाही की गई। इस दौरान एसआई अरविंद यादव,प्रधान आरक्षक राकेश अहिरवार, आरक्षक पुष्पेंद्र, संदीप,दिनेश,पुष्पेंद्र, मनोज,भानसिंह की भूमिका रही।*

### दो दिन में आधा दर्जन से अधिक सटोरियों पर हुई कार्रवाई

# आईपीएल मुकाबलों पर गैम्बलिंग करने वालों की हो रही निगरानी

**छतरपुर**। खेल प्रेमियों के लिए क्रिकेट का महाकुंभ कही जाने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मुकाबलों का इन दिनों एक ओर जहां आम जनता आनंद ले रही है, तो वहीं दूसरी ओर कुछ असमाजिक लोग इस लीग को जुआ बनाकर मुनाफा कमाने में जुटे हैं। हालांकि छतरपुर पुलिस द्वारा आईपीएल मुकाबलों पर गैम्बलिंग करने वालों की लगातार निगरानी की जा रही है। पिछले दो दिनों में जिला मुख्यालय के तीन स्थानों पर छापामार कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सट्टा खिलवाने वाले 3 आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ-साथ आधा दर्जन से अधिक लोगों के विरुद्ध पब्लिक गैंबलिंग एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

सिविल लाइन थाना प्रभारी निरीक्षक वाल्मीकि चौबे ने बताया कि एसपी के निर्देशन में जुआ, सट्टा के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही है। सट्टा खेलने वालों के साथ-साथ इस धंधे का संचालन करने वालों, उनके एजेंट तथा सुपर एजेंट को भी पकड़ा जा रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले दो दिनों में थाना क्षेत्र के तीन स्थानों पर कार्रवाई की गई है। पहली कार्रवाई पन्ना रोड के वेयरहाउस के पास से मौजूद चाय की टपरी पर की गई थी, जहां आईपीएल के मुकाबलों पर सट्टा लगाया जा रहा था। यहां से आरोपी अनिकेश पुत्र रघुराज अहिरवार निवासी पूजा ढाबा के पास पन्ना रोड छतरपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से मोबाइल फोन और नगद राशि बरामद की गई थी। दूसरी कार्रवाई शहर के देरी रोड पर की गई, जहां आरोपी विनेश कुमार पुत्र बद्री प्रसाद बाजपेई द्वारा सट्टा खिलवाया जा रहा था। उसके कब्जे से दो मोबाइल फोन जप्त किए गए साथ ही उसके द्वारा दी गई लिंक पर सट्टा खेलने वाले राजा ठाकुर को भी पकड़ा गया। तीसरी कार्रवाई स्टेडियम के पास संचालित चाय की गुमटी पर हुई, जहां यादवेंद्र सिंह पुत्र बृषभान सिंह यादव निवासी ग्राम बंधीखुर्द हाल निवास चौबे कॉलोनी छतरपुर को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से मोबाइल फोन जप्त किया गया था। साथ ही उसके माध्यम से सट्टा खेलने वाले हेमंत उर्फ गुरु मिश्रा, आकाश यादव और शिवम यादव पर भी कार्यवाही की गई। थाना प्रभारी ने बताया कि उक्त सटोरियों के विरुद्ध पब्लिक गैम्बलिंग एक्ट की धाराओं में पृथक-पृथक अपराध दर्ज किए गए हैं। सटोरियों को न्यायालय में उपस्थित होने के लिए पाबंद किया गया है। कुछ अन्य लोगों की जानकारी भी पुलिस को मिली है, जिनकी तलाश अभी जारी है।

# वैष्णो माता की पिंडियों जैसे स्वरूप से मेल खाती अतिप्राचीन है खजुराहो की देवी बघराजन माता

### चैत्र नवरात्रि पर्व पर उमड़ रही भक्तों की भारी भीड़



**खजुराहो**। पर्यटन नगरी खजुराहो के जटकरा मार्ग एयरपोर्ट की सीमा पर स्थित अति प्राचीन बगराजन माता का प्रसिद्ध मंदिर है,उक्त मंदिर में विराजित देवी बघराजन की प्रतिमा वैष्णो माता की पिंडियों जैसे स्वरूप से मेल खाती हैं। इस मंदिर में वैसे तो श्रद्धालुओं का आना-जाना साल भर लगा रहता है, साथ ही घर परिवार में होने वाले शुभ कार्य वाहन खरीदी आदि की शुरुआत देवी बघराजन की पूजा से होती है लेकिन चैत्र नवरात्रि के समय यहां पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ती है, जिसे नियंत्रित करने के लिए पुलिस प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ती है। मंदिर पीठ के महंत पंडित रमेशचन्द्र तथा पुजारी पं.श्रीराम रिक्षारिया के अनुसार इस मंदिर में माता की महिमा की कई किवदंतियों की चर्चा होती रहती है। मंदिर एयरपोर्ट रनवे के बीच में होने के बावजूद आज भी यथावत रखा है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने इस मंदिर को यहां से हटाकर अन्यत्र स्थांतरित करने का प्रयास किया, लेकिन इसे हटाने के सारे प्रयास विफल रहे,स्थानीय मान्यता के अनुसार माता की ऐसी महिमा रही है कि जब जब इस मंदिर को हटाने का प्रयास करने वाले जिम्मेदारों को अनिष्ठ का सामना करना पड़ा है, जिसके कारण कोई भी इस जिम्मेवारी उठाने को तैयार नहीं होता। क्षेत्र भर में बघराजन माता को सिद्ध पीठ के रूप में मान्यता है। यहां पर दूर दूर से देवीभक्त मन्नतें लेकर आते हैं और उन्हें माता की कृपा मिलती है।

### श्रीराम कथा नौ दिवसीय ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन

# ग्राम सुजारा में श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब, संगीतमय कथा से भक्तिमय हुआ माहौल

बकस्वाहा



जनपद के ग्राम सुजारा में श्रीराम कथा नौ दिवसीय ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 30 मार्च 2025 से 07 अप्रैल 2025 तक पंचायत भवन परिसर में संपन्न होगा, जिसमें दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक कथा प्रवचन होंगे।

महंत श्री किशोर दास जू महाराज के सान्निध्य में श्री राम कथा का आयोजन हो रहा है प्रसिद्ध मानस मधुर बुंदेली पं. चन्द्र भूषण पाठक अपनी संगीतमय श्रीराम कथा से श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर कर रहे हैं। कथा में श्रीराम के आदर्श चरित्र, भक्ति, मर्यादा और धर्म पर प्रकाश डाला जा रहा है, जिसे सुनकर भक्तजन भावविभोर हो रहे हैं।

### कलश यात्रा से हुआ शुभारंभ

आयोजन का शुभारंभ 30 मार्च को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। श्रद्धालु सिर पर कलश धारण कर भजन-कीर्तन करते हुए निकले और पूरे गांव को भक्तिमय बना दिया।

### 7 अप्रैल को कथा विश्राम, 08 अप्रैल को भंडारा

7 अप्रैल सोमवार को पं. विपिन बिहारी महाराज अपनी वाणी से अमृत वचन देगे उसकी के साथ कथा का विश्राम होगा। वहीं, 08 अप्रैल 2025, मंगलवार को प्रसाद वितरण, कन्या भोज एवं भंडारा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी भक्तों को आमंत्रित किया गया है। ग्रामवासियों ने इस धार्मिक आयोजन में अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से सम्मिलित होकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील की है।

### नई शिक्षा नीति पर सीबीएसई के शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण



**छतरपुर**। शिक्षकों को नई शिक्षा नीति के अनुसार तैयार करने और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने के उद्देश्य से महर्षि विद्या मंदिर देरी रोड में सीबीएसई दिल्ली द्वारा एक दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें नई शिक्षा नीति किस प्रकार आने बाली पीढ़ी के लिए विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढने के लिए सहायक है के बारे में वृस्त्रित जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया गया।नई शिक्षा नीति के अनुसार कक्षाओं का वर्गीकरण किस प्रकार बच्चों को उत्कृष्टता प्रदान करेगा तथा उच्च कक्षाओं में सामान्य विषयों के अध्ययन के साथ किस प्रकार बच्चे अपने को रोजगार परख विधाओं में अपने आप का निपुण बना सकते हैं के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गयी। नई शिक्षा नीति में 5+3+3+4 की नई शिक्षा संरचना अपनाई गई है, जिसमें प्रारंभिक बाल्यावस्था से लेकर उच्च शिक्षा तक व्यापक सुधार किए गए हैं। यह नीति कौशल विकास, मातृभाषा में शिक्षा, डिजिटल लर्निंग, और शिक्षकों के प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान देती है। शिक्षक प्रशिक्षण महर्षि प्राचार्य सी के शर्मा के निर्देशन में ट्रेनिंग कार्यक्रम के संसाधन प्रवक्ता डॉ निकेश शर्मा, वाइस प्रिंसिपल जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल ग्वालियर तथा श्रीमति परविन्दर कौर, सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल सागर द्वारा दिया गया। इसमे नई शिक्षा पद्यति एवं क्लास रूम को छात्रों के लिए कैसे रोचक बनाया जाए के संबंध में नई नई गतिविधियों से अवगत कराया गया, जिसमे करीब 56 शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण उपरांत शिक्षकों द्वारा छात्रों में लर्निंग प्रॉसेस के विकास में अपनाई जाने वाली विभिन्न नवाचार गतिविधियों को भी प्रस्तुत किया गया। प्रशिक्षण शिविर के निर्देशक महर्षि प्राचार्य सी के शर्मा ने बताया कि नई शिक्षा नीति का मुख्य उद्देश्य भारत में अब तक जो शिक्षा प्रदान की जा रही है उसमें क्रांतिकारी बदलाव लाना है, साथ ही भारत की शिक्षा को वैश्विक स्तर पर खड़ा करना तथा ज्ञान के क्षेत्र में भारत को महाशक्ति बनाना है। इनमें शिक्षकों को छात्रों की याददाश्त को बढ़ाने, उनकी विषयो के प्रति समझदारी को विकसित करने एवं उसे दैनिक जीवन से जोडने, तथा तार्किक शक्ति को कैसे विकसित किया जाए के बारे में प्रशिक्षण दिया गया।

